## HALF YEARLY EXAMINATION -2018.

## CLASS-X

SIMPERING
ASSESSMENT AND EVALUATION

रोल नं .

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्नपत्र में मुद्रित पृष्ठ 6 हैं ।
- प्रश्नपत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नंबर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 17 प्रश्न हैं ।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

**निर्धारित शमय- 3 घंटे** **अधिकतम अंक- 80**

**निर्देश**

1. इस प्रश्न पत्र में चार खंड है -क,ख,ग,घ।
2. चारो खंड के **उत्तर** देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए

### खंड -*क* **15 अंक.**

1. प्रस्तुत **गदयांश** को ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए

जनसाधारण की भलाई के लिए सरकारी तथा गैर-संस्थाओं के कुछ ऐसे विज्ञापन दिए जाते है ,जिनका लक्ष्य अच्छी सरकार, सामुदायिक विकास, वैज्ञानिक सफलताएँ, शिक्षा-सुधार,सार्वजनिक स्वास्थ्य, वन्यप्राणी-रक्षा, यातायात,सुरक्षा तथा घार्मिक एकता को बनाए रखना होता है।इसके अतिरिक्त इनसे बाजारों से उपभोक्ता को उत्पाद-वस्तुओं के चयन में सहयाता मिलती है।कृषि के क्षेत्र में किसानों को कीटनाशक औषधियों और उनके प्रयोग करने की जानकारी परिवार-नियोजन तथा बच्चों की टीका लगाने की जानकारी, आकाशवाणी तथा दूरदर्शन पर प्रसारित किए जानेवाले विज्ञापनों का मुख्य लक्ष्य जनता में विवेकशीलता उत्पन्न करना ,उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना उनका सांस्कृतिक,बौद्धिक तथा आध्यात्मिक विकास करना आदि रहा है ।आधुनिक युग में विज्ञापन जीवन के अभिन्न अंक बन गए

है । उपभोक्ता को शिक्षित करना उत्पादक को लाभ पहुँचाना, विक्रेता की सहयाता करना , उत्पादक तथा उपभोक्ता के बीच मधुर संबंध स्थापित करना तथा लोक सेवा करना विज्ञापन के प्रमुख कार्य है। इस प्रकार आज हमारा संपूर्ण कार्य वज्ञापनमय हो गया है।

(क) सरकारी संस्थाओं के विज्ञापनों का मुख्य लक्ष्य क्या होता है? 2

(क) समाज-कल्याण संबंधी विज्ञापन क्या कार्य करते है? 2

(ग) सामान्य रूप से विज्ञापनों के क्या कार्य होता है? 2

(घ) विज्ञापन से उपभोक्ता को क्या लाभ मिलता है? 2

(ङ) प्रस्तुत गद्यॉंश का उचित शीर्षक दीजिए। 1

2. निम्नलिखित **काव्यांश** को ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

मेरा माझी मुझसे कहता रहता था,
बिना बात तुम किसी से टकराना।
पर बार-बार बाधा वन कर आएँ
उनके सिर को वहीं कुचल कर बढ जाना
जानबूझ कर मेरे पथ में आती है,
भवसागर की चलती-फिरती चट्टानें
मैं इनसे जितना ही बचकर चलता हूँ ,
उतना ही मिलती है ये ग्रीवा ताने।
रख अपना पतवार, कुदाली लेकर में,
तब **मैं** इनका उन्नत भाल झुकाता हूँ ।
राह बनाकर नाव बढाए जाता हुँ।
जीवन का नैया का चतुर खिवैया में
भवसागर में नाव बढाए जाता हूँ .।

SIMPERING
ASSESSMENT AND EVALUATION

(क) कवि माझी किसे कहता है? 1

(ख) कवि राह में आने वाली बाधाओं के साथ कैसा व्यवहार करता है? 1

(ग) चट्टानें किसकी प्रतीक है? 1

SIMPERING
ASSESSMENT AND EVALUATION

(घ) पतवार और कुदाली किसके प्रतीक है ? 1

(ङ) कवि किसका उन्नत भाल झुकाता है और क्यों? 1

(च) कवि स्वयं को चतुर खिवैया क्यों कहता है? 1

## खंड- ख (15 अंक)

3. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-

(त) पद किसे कहते है ? इसके कितने भेद है? 2

4. निम्नलिखित वाक्यों के निर्देशनुसार, रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण कीजिए 3

(त) गोपाल बीमार था, इसलिए स्कूल न आ सका। ( सरल वाक्य. में बदलिए)

(त्त) राहुल ने आगरा जाकर ताजमहल देखा। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(त्त्त) सच्चा दोस्त संकट की घडी में काम आता है (मिश्र वाक्य में बदलिए)

5 क .निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास के भेद का नाम लिखिए १न्२उ२

(i) यथासमय ( ii) राहखर्चा

(ख) निम्नलिखित शब्दो का सामासिक बनाकर समास के भेद का नाम लिखिए १न्२उ२.

(i) समाज के लिए सेवा (ii) गौरी और शंकर

6 निम्नलिखित वाक्यों को शुध्ध करके लिखिए। 4

(त) मुझे यह काम कर सकते है .

(त्त) राम का बेटा का नाम गोपाल है ।

(त्त्त) मैं मेरा काम समाप्त कर चुका हुँ ।

(त्द) चाचा कहा कि वे नहीं जाएंगे ।

SIMPERING
ASSESSMENT AND EVALUATION

7 निम्नलिखित मुहावरों का इस प्रकार वाक्यों. में प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए १न्२उ२.

(i) अँगुठा दिखाना (ii) मन के लड्डू फोडना ।

SIMPERING
ASSESSMENT AND EVALUATION

## खंड -ग - 25 अंक

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए

(क) छोटे भाई ने अपनी पढाई का टाइम-टेबिल बनाते समय क्या-क्या सोचा और फिर उसका पालन क्यों नही कर पाया? 2

(ख) अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुखी होने वाले पाठ में निहित उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए। 2

(ग) वामिरो के मिलन ने ततॉरा के जीवन को कैसे परिवर्तित किया ? 1

9. भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में २६ जनवरी की तिथि के महत्व को पाठ के संदर्भ ग्रहण करते हुए स्पष्ट कीजिए।

अथवा

कहानी के आधार पर ततॉरा का चरित्र-चित्रण कीजिए। 5

10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिकिए (२अ२अ१उ५)

(क) कवीरदास के अनुसार अपने स्वभाव को कैसे निर्मलल रखा जा सकता है?

(ख) मैथिलीशरण गुप्त ने मनुष्य को मृत्यु से भयभीत न होने की प्रेरणा क्यों दी है? कौन-से व्यक्ति मरकर भी अमर हो जाते है ?

(ग) पावस के दृश्य को कवि इन्द्रजाल क्यों मानता है?

11. मीरा के काव्य सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए । 5

अथवा

कंपनी बाग और तोप को विरासत मानकर सुरक्षित रखे जाने का कारण अपने शब्दों में लिखिए।

12. आप कैसे कह सकते है कि हरिहर काका संयुक्त परिवार के मूल्यों के प्रति एक समर्पित व प्रेरक मानव थे? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए 5

अथवा

सपनों के दिन पाठ के आधार पर उदाहरण देकर लिखिए कि कोई भी भाषा आपसी व्यवहार में बाधा नहीं बनती है।

**खंड - ध** **25 अंक.**

13. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग १०० शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

(I) आत्मनिर्भरता

। आत्मनिर्भरता के अर्थ

। उपयोगित,

। आत्मनिरभरता के लाभ

(II) परिश्रम सफलता की कुंजी

। परिश्रम का महत्व

। समयानुसार बुद्धि का सदुपयोग

। परिश्रम और बुदिधि का ताल -मेल।

(iii). शिक्षक -शिक्षार्थी संबंध

। प्रचीन भारत में गुरू-शिष्य संबंध

। अश्वत्थामा का उदाहरण

। भौतिकतावादी युग में शिक्षक-शिक्षार्थी का संबंध

14. भारत सरकार के शिक्षा मंत्रलाय की ओर से अरुणाचल प्रदेश सरकार को नई शिक्षा नीत लागू करने के लिए एक पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपने क्षेत्र में मलेरिया फैलने की संभावना को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखिए. ।

15. विद्यालय में वृक्षारोपण समारोह के आयोजन के लिए आपको संयोजक बनाया गया है । पूरे विद्यालय की सहभागिता के लिए एक सूचना लगभग ३० शब्दों में लिखिए 5

अथवा

विद्यालय में आयोजित होने वाली वाद-विवाद प्रतियोगिता केलिए एक सूचना लगभग- २०-३० शब्दों में साहित्य क्लब के सचिव की ओर से विद्यालय सूचना पट के लिए लिखिए।

16. पुस्तक -विक्रेता से राकेश की बातचीत अपने शब्दों में लिखिए 5

SIMPERING
ASSESSMENT AND EVALUATION

अथवा

हिंदी की महत्ता को प्रकट करते हुए दो मित्रों की बातचीत लिखिए।

मित्रों का नाम - गोपाल ओर राजेश

17. बाजार में गोल्ड रिफाइंड घी और तेल नाम से नया उत्पाद विक्री हेतु आया है। उसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

अथवा

ट्यूबलाइट्स निर्माता कंपनी की ओर से २५-३० शब्दों एक विज्ञापन तैयार कीजिए

---------------